डजिटिल इंटेलजिेंस प्लेटफॉर्म और चक्षु

स्रोत: द हिंदू

दूरसंचार विभाग द्वारा **संचार साथी पोर्टल** के माध्यम से स्पैम एवं धोखाधड़ी कॉल से निपटने के लिये दो पहल, चक्षु, डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (DIP) की शुरुआत की।

- चक्षु (जिसका अर्थ है- आँख) डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म है जो **sancharsathi.gov.in/sfc** पर उपलब्ध है, जिससे नागरिकों को संदिग्ध संचार की रिपोर्ट करने में सुविधा प्राप्त होती है।
  - प्लेटफॉर्म उपयोगकर्त्ताओं को **विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने में सहायता** प्रदान करता है, जिसमें बैंक खाते, भुगतान वॉलेट, सिम कार्ड, गैस तथा बिजली कनेक्शन, KYC अपडेट, प्रतिरूपण के साथ-साथ सेक्सटॉर्शन से संबंधित धोखाधड़ी शामिल है।
- चक्षु का **प्राथमिक उद्देश्य संदिग्ध गतिविधियों की सक्रिय रिपोर्टिंग को सक्षम** बनाना, दूरसंचार से संबंधित **धोखाधड़ी तथा स्पैम कॉल की रोकथाम और शमन में योगदान** प्रदान करना है।
  - **भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण,** चक्षु प्लेटफॉर्म हेतु एक ऐप विकसित करने पर कार्य कर रहा है, जो उपयोगकर्त्ताओं के लिये रिपोर्टिंग प्रक्रिया को और सुव्यवस्थित करेगा।
- DIP दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, कानून प्रवर्तन एजेंसियों (LEA), बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के व्यापक स्पेक्ट्रम को कवर करने वाले हितधारकों के बीच खुफिया जानकारी साझा करने के साथ-साथ सूचना विनिमय के माध्यम से दूरसंचार संसाधनों तथा डेटा के दुरुपयोग को रोकने के लिये **DoT द्वारा बनाया गया एक सुरक्षित और एकीकृत मंच** है।
  - यह "दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSP), LEA, बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों, पहचान दस्तावेज़ जारी करने वाले प्राधिकरणों आदि के लिये एक **गैर-सार्वजनिक डेटा-साझाकरण संसाधन** होगा।

और पढ़ें... **विश्व दूरसंचार दिवस 2023**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chakshu-and-the-digital-intelligence-platform